# बागपत में नकली शराब बनाने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, 900 लीटर शराब समेत 8 गिरफ्तार

बागपत पुलिस ने नकली शराब बनाने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने इनके पास 900 लीटर नकली शराब व उपकरण बरामद किये हैं. आठ लोगों की गिरफ्तारी की गई है.

By: राजीव पंडित | Updated : 12 Jul 2021 07:52 AM (IST)



**बागपत:** बागपत पुलिस ने नकली शराब बनाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच गाड़ी, भारी संख्या में शराब बनाने के उपकरण, नकली शराब आदि बरामद की गई है. पुलिस का दावा है कि, इस गिरोह ने दिल्ली में नकली शराब की फैक्ट्री लगा रखी थी और उसी फैक्ट्री में ये उपकरण आदि लेकर दिल्ली जा रहे थे. गिरोह के सदस्य उत्तर प्रदेश, एनसीआर, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और पंजाब राज्य में शराब की सप्लाई करते थे.

## 900 लीटर नकली शराब बरामद

पुलिस को मुखिबर से सूचना मिली कि, गाजियाबाद का रहने वाला रवि दिल्ली के सिरसपुर इलाके में शराब की अवैध फैक्ट्री चलाता है. रवि गिरोह के सदस्यों और फैक्ट्री चलाने के उपकरण आदि लेकर बागपत होते हुए दिल्ली जाएगा, जिसके बाद एसओजी और बागपत कोतवाली पुलिस हाईवे स्थित लक्ष्य पब्लिक स्कूल के पास खंडहर से गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों के कब्जे से 900 लीटर नकली शराब, अवैध शराब बनाने के उपकरण, शराब तस्करी में पांच वाहन आदि सामान बरामद कर लिया. शराब तस्कर रवि को लेकर पुलिस की टीम दिल्ली के लिए रवाना हो गई. पुलिस ने समयपुर बादली पुलिस के सहयोग से शराब फैक्ट्री में छापा मारा तो वहां भारी मात्रा में नकली शराब और उपकरण आदि बरामद हुए.

## केमिकल मिलाकर बनाते थे शराब

नकली शराब बनाने वाला यह गिरोह दो साल से ईएनए केमिकल में अन्य सामान मिलाकर शराब बना रहे थे और अलग-अलग होलमार्क व मार्का लगाकर आन डिमांड उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, एनसीआर में सप्लाई करते थे. ईनएनए केमिकल की सप्लाई अजय कुमार उर्फ भोंदू निवासी माधवपुरम थाना ब्रहमपुरी, मेरठ करता था. अजय दो तीन माह से मुरादाबाद जेल में बंद है. इसके अलावा ईएनए की दूसरी सप्लाई मोनू वालिया के माध्यम से नानू नाम का व्यक्ति करता था जो हरियाणा के गुहाना से उपलब्ध कराता था. नानू भी जेल में बंद है. शराब तस्कर रवि नकली शराब की तस्करी अधिकतर सासी जाति के लोगों के अलावा आन डिमांड करने वालों को उपलब्ध कराता था.

Source: https://www.abplive.com/states/up-uk/police-busted-gang-involve-in-illegal-liquor-in-bagpat-8-arrested-bagpat-uttar-pradesh-ann-1939111